परमात्मा को याद करने की क्यों है आवश्यकता

ब्र.कु. शिवानी बहन, जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा

जिसको हम याद करेंगे, क्यों याद इतना इम्पॉर्टेंट है कि किसको करना है? जिसको हम याद करेंगे वो ध्यान से फिट करना। जिसको हम याद करेंगे हमारा मेंटल कनेक्शन उस आत्मा के साथ जुड़ जायेगा। और उस आत्मा की जो स्थिति होगी उसके साथ हमारा एनर्जी एक्सेंज शुरु हो जायेगा। पर जैसी उनकी स्थिति होगी वैसी हमारी होने लग जायेगी। जैसे कोई बच्चा परेशान है, मुश्किल में है उसके साथ कुछ हुआ है वो दूर है लेकिन घर बैठे माँ को पता चल जाता है ऐसा क्यों होता है? ये हर बार नहीं होगा, कभी-कभी होगा। ये कभी-कभी क्यों होता है? माँ यहाँ बैठी है बच्चा बाहर है, लेकिन माँ घर बैठे उस क्षण बच्चे को याद कर रही थी। और उस क्षण बच्चा तकलीफ में आया और किसको याद किया माँ को याद किया। जब दोनों ने सेम टाइम एक-दूसरे को याद किया तो क्या हुआ फोन लग गया। अगर एक कर रहा होता है, बच्चा माँ को याद कर रहा होता और माँ अपनी फ्रेंड को याद कर रही होती तो नहीं लगता। वो लगेगा तब जब वो दोनों उसी क्षण एक-दूसरे को याद कर रहे हैं। अब जैसे ही कनेक्शन जुड़ गया वैसे ही उसके मन की स्थिति उन तक पहुंच जायेगी। इज़ लाइक है वेबसाइट लिंक(वेबसाइट के लिंक की तरह)। उस साइट पर जो डेटा है वो हमारे पास डाउनलोड हो जायेगा। अब कलियुग में जितना हम आत्माओं को याद करेंगे तो क्या हो जायेगा थोड़ा-सा? अगर मैंने किसी ऐसे को याद किया जो बहुत उदास है तो मुझे भी क्या होने लग जायेगा? अगर मैंने उसको याद किया जिसको बहुत क्रोध आ रहा है तो मेरे ऊपर भी क्या डाउनलोड होने लग जायेगा? उस दिन सिर्फ चेक करना कि आज मन से कनेक्शन किसके साथ जुड़ा था और उस व्यक्ति को फोन करके पूछना कि आज आपका हाल-चाल क्या है? आपको उत्तर मिलेगा कि आज वो लॉ फील कर रहा है।

इसलिए हमें ये सिखाया कि भगवान को याद करो, उसका नाम लेते रहो तो कनेक्शन कहाँ जुड़ा रहेगा? उसकी जो स्थिति होगी वो डाउनलोड हो जायेगी। वो शांति का सागर है अगर हमने उसको याद किया तो... ये हमारी च्वॉइस है कि हमें कहाँ कनेक्ट होना है। अगर कनेक्ट होने की विधि सीख ली, रिश्ता जुड़ गया एनर्जी डाउनलोड होने लग गई तो वो कभी भी कहीं भी कर सकते हैं हम। अगर स्थिति वैसी नहीं, कनेक्शन वैसा नहीं जुड़ा हो तो हम पूजा करने भी बैठे हैं लेकिन मन कहीं ओर ही जायेगा।

शांतिवन। ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय शांतिवन का अवलोकन करने के पश्चात् समूह चित्र में आई.जी, सीआरपीएफ सुनील जॉन, डायरेक्टर आईएसए मा.आबू के साथ ब्र.कु. गीता बहन, ब्र.कु. कर्नल सती, ब्र.कु. नारायण, ब्र.कु. दीपक तथा अन्य।

नरवाना-हरियाणा। राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए एसपी कुलदीप सिंह, मुख्य वक्ता मनबीर रेढू, ग्राम विकास प्रभाग पंजाब ज़ोन के कोऑर्डिनेटर ब्र.कु.विजय, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सीमा बहन, ब्र.कु. मीना बहन तथा अन्य।

बिहार शरीफ-नालंदा(बिहार)। नवनिर्वाचित मेयर अनीता देवी को ईश्वरीय स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई देते हुए ब्र.कु. पूनम बहन एवं ब्र.कु.सुधा बहन। साथ हैं मनोज कुमार तांती,प्रदेश उपाध्यक्ष,दलित प्रकोष्ठ।

लोधी रोड-दिल्ली। सामंत गोयल,आईपीएस,सचिव,रिसर्च एंड एनालिसिस विंग,भारत सरकार के साथ ज्ञान चर्चा के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. पीयूष, ब्र.कु. दीपिका बहन तथा अन्य।

बिलासपुर-टिकरापारा(छ.ग.)। गुरुघासीदास विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सीयू में एनजीओ और स्वयं सेवा संस्थाओं की बैठक में ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु.मंजू बहन। सभा में कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल, रजिस्ट्रार मनीष श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भुवनेश्वर-पटिया(ओडिशा)। श्रीमती इति सामंत, कादम्बिनी मैगज़ीन के मुख्य सम्पादक को नव वर्ष की बधाई व ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. गोलप बहन व ब्र.कु. डॉ. कृष्ण बसंती,ग्लोबल हॉस्पिटल मा.आबू।

पन्ना-म.प्र.। भजन संध्या कार्यक्रम में स्थानीय उपसेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सीता बहन का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान करते हुए सांसद विष्णुदत्त शर्मा।

राजगढ़-म.प्र.। विधायक बापू सिंह तंवर और उर्मिला तंवर को नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. कविता बहन तथा ब्र.कु. सुमित्रा बहन।

पणजी-गोवा। मेडिकल कॉलेज बम्बोलिम के डीन ऑफ जीएमसी डॉ. शिवानंद बांदेकर को शॉल, मेडल द्वारा सम्मानित करने के पश्चात् सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए मेडिकल विंग के सचिव राजयोगी ब्र.कु.बनारसी,माउण्ट आबू। साथ हैं ब्रह्माकुमारी बहनें।

ठाणे-श्रीनगर(महा.)। कक्षा 5वीं से 8वीं के स्कूली बच्चों के लिए 'व्यक्तित्व विकास' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान करने के पश्चात् समूह चित्र में समाजसेवी राजा भाऊ सेठ, मुख्य वक्ता कनिका जैन, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सीता बहन, ब्र.कु. कुसुम यादव, ब्र.कु. हेमंत जैन, ब्र.कु. प्रान सुतार तथा अन्य।

नरकटियागंज-चंपारण(बिहार)। जिले के ऐतिहासिक स्थल चंकीगढ़ के संपूर्ण क्षेत्र में 52 ब्र.कु. भाई-बहनों की टीम सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्र.कु.अविता बहन के नेतृत्व में भ्रमण कर ईश्वरीय संदेश देते हुए राजा चाणक्य से जुड़े चंकीगढ़ के टॉप ऊँचाई पर चढ़कर सभी ने शिवबाबा का ध्वज फहराया।

भरतपुर-पहाड़ी(राज.)। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 53वें स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डॉ.सुभाष, सरपंच संतो देवी, ब्र.कु. प्रीति बहन तथा अन्य।